दिन– सोमवार दिनांक– 02 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. बिहार विधानमंडल का बजट सत्र आज से हो रहा है शुरू। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां संयुक्त सत्र को करेंगे संबोधित।

02. संसद के दोनों सदनों में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

03. किसानों की डिजिटल पहचान के लिए प्रदेश में पांच दिवसीय फॉर्मर रजिस्ट्री महाअभियान का तीसरा चरण आज से।

04. और, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा आज से प्रारंभ हुई। तेरह लाख सत्रह हजार से अधिक परीक्षार्थी हो रहे हैं शामिल।

---

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। यह सत्र सत्ताईस फरवरी तक चलेगा। इस दौरान कुल उन्नीस बैठकें होंगी। और ब्योरा हमारे संवाददाता से...

–––रिपोर्ट–––

बजट सत्र के पहले दिन आज राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां विधानमंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे। आज ही आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जायेगा। सत्र के दूसरे दिन कल वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश करेंगे। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एस.एम. ने बताया है कि बजट सत्र के दौरान सुरक्षा की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी और आठ क्यूआरटी भी सक्रिय रहेगा। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

---

आकाशवाणी पटना से राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां के संबोधन का आज सजीव प्रसारण किया जाएगा। यह प्रसारण पूर्वाह्न ग्यारह बजकर सत्ताइस मिनट से सुना जा सकता है। वहीं, विधानसभा की कार्यवाही के दौरान प्रतिदिन होने वाले प्रश्नकाल का भी सजीव प्रसारण आकाशवाणी पटना से सुना जा सकेगा।

---

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा है कि इस बार बजट सत्र के दौरान शून्य काल के प्रश्न भी ऑनलाइन माध्यम से लिये जायेंगे। आकाशवाणी समाचार

से विशेष बातचीत में श्री कुमार ने बताया कि इससे विधायकों को सुविधा होने के साथ ही डिजिटल और पेपरलेस कार्यवाही करने में मदद मिलेगी।

———बाइट———

———————————————————————————

अब बात केन्द्रीय बजट की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गये दो हजार छब्बीस — सत्ताइस के केंद्रीय बजट में बिहार के लिए कई घोषणाएं की गयी हैं। इससे राज्य में कारोबार, रोजगार और यातायात का विकास होगा। बजट में चालू वित्तीय वर्ष में प्रदेश के लिए एक लाख इक्यावन हजार आठ सौ बत्तीस करोड़ रुपये के करों में हिस्सेदारी का प्रावधान किया गया है। यह राशि पिछले वित्तीय वर्ष से सात प्रतिशत अधिक है। एक रिपोर्ट———

———रिपोर्ट———

बजट में राज्य के पांच लाख से अधिक आबादी वाले आठ शहरो को विकास के लिए अतिरिक्त फंड की घोषणा की गयी है। इससे पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, दरभंगा, बेगूसराय, नालंदा, पूर्णिया और गयाजी का तेजी से विकास हो सकेगा। पटना को पूर्वी भारत के ट्रांसपोर्ट और औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया है। इसमें पटना में जहाज मरम्मत केंद्र, नये एक्सप्रेस—वे और गंगा जलमार्ग विकास प्रमुख हैं। इस बजट में दस हजार करोड़ रुपये का प्रावधान सुक्ष्म, एवं लघु विकास निधि के लिए किया गया है। इससे एमएसएमई को बढ़ावा मिलेगा। बजट में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के लिए स्वयं सहायता उद्यम मार्ट योजना शुरू करने की घोषणा की गयी है। इस घोषणा का लाभ प्रदेश की जीविका दीदियों को मिलेगा। वहीं, पुराने औद्योगिक समूहों को पुर्नजीवित करने की घोषणा से राज्य में बैग, जूता—चप्पल, रबर, गुड़, सरिया, सॉफ्ट ड्रिंक जैसे छोटे उद्योगों का विकास हो सकेगा। समाचार कक्ष से अनुपम कुमार।

———————————————————————————

बजट पेश होने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बजट प्रस्ताव अर्थव्यवस्था को ऊर्जा प्रदान करेंगे, नागरिकों को सशक्त बनाएंगे और भारत के युवाओं को नई ऊंचाइयां छूने के नए अवसर देंगे। श्री मोदी ने कहा है कि केंद्रीय बजट मानव—केंद्रित है और अभूतपूर्व सुधारों के साथ भारत की नींव को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए देश के सुधार पथ तथा दीर्घकालिक विकास को गति देने वाला उत्प्रेरक करार दिया।

———————————————————————————

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि यह एक समग्र और विकसित भारत का बजट है। उन्होंने कहा कि किसानों और टेक्सटाइल सेक्टर में पांच करोड़ लोगों को रोज़गार मिला है, और आने वाले दिनों में लोगों को और रोज़गार मिलगा।

———बाइट———

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि बजट में भारत को दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र बनाने का विज़न है.। उन्होंने कहा कि बजट में सभी के विकास के लिए कदम उठाए गए हैं।

---बाइट---

राजद सांसद मीसा भारती ने कहा कि यह बजट समझ से परे है, इसमें बिहार के लिए कुछ भी नहीं है।

---बाइट---

---

संसद के दोनों सदनों में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल लोकसभा में यह प्रस्ताव पेश करेंगे जबकि भाजपा सदस्य तेजस्वी सूर्या इसका समर्थन करेंगे। वहीं, राज्यसभा में भाजपा के सी. सदानंदन मास्टर यह प्रस्ताव पेश करेंगे और उनकी पार्टी की सदस्य मेधा विश्राम कुलकर्णी इसका समर्थन करेंगी।

---

प्रदेश में आज से किसानों की डिजिटल पहचान के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री महाअभियान का तीसरा चरण शुरू हो रहा है। कृषि विभाग और राजस्व भूमि सुधार विभाग की ओर से चलाया जा रहा यह अभियान छह फरवरी तक चलेगा। इसके लिए किसान नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर या वसुधा केन्द्रों पर निःशुल्क पंजीकरण करवा सकते हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि वैशाली जिले में अभियान के लिए विशेष तैयारी की गयी है। जिलाधिकारी ने किसानों से महाअभियान में शामिल होने की अपील की है।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा आज से शुरू हो रही है। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि प्रदेशभर में एक हजार सात सौ बासठ परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इन केन्द्रों पर तेरह लाख सत्रह हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े नौ बजे से, जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शुरू होगी। अध्यक्ष श्री किशोर ने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले तक परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश मिलेगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए एक नियंत्रण कक्ष बनाया

गया है। यह चौबीस घंटे सक्रिय रहेगा। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये दूरभाष संख्या **शून्य छह एक दो – दो दो तीन दो– दो पांच सात** और **दो दो तीन दो – दो दो सात** पर संपर्क किया जा सकता है।

---

इंटरमीडिएट और मैट्रिक की परीक्षा को लेकर रेलवे ने दानापुर मंडल के अन्तर्गत कुछ स्टेशनों और हॉल्ट पर मेमू सवारी गाड़ियों के ठहराव का निर्णय लिया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि मोकामा–पटना–मोकामा और झाझा–दानापुर–झाझा सवारी गाड़ियों का ठहराव आज से मंडल के चम्पापुर, सालीमपुर, करौटा, मंझौलीग्राम और बुद्धदेवचक यादव नगर हॉल्ट पर किया जा रहा है। यह ठहराव अट्ठाईस फरवरी तक दिया गया है।

---

कटिहार सेना भर्ती कार्यालय के तत्वावधान में अग्निवीर सैनिकों की भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षा आज से शुरू हो गयी है। भर्ती निदेशक कर्नल आर. के. नरवाल ने बताया कि कटिहार के गढ़वाल मैदान में आयोजित यह परीक्षा ग्यारह फरवरी तक चलेगी। इस प्रक्रिया के पहले दिन भागलपुर और बेगूसराय के अभ्यर्थियों के लिये दौड़ का आयोजन किया जायेगा। इस भर्ती में राज्य के बारह जिलों के छह हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे।

---

राज्य में आज से भूमि विवादों में पुलिस हस्तक्षेप कानून व्यवस्था बनाये रखने तक ही सीमित होगा। पुलिस, भूमि पर दखल–कब्जा दिलाने, चहारदीवारी निर्माण जैसी गतिविधियों में शामिल नहीं होगी। उप मुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि भूमि विवाद में पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस केवल शांति के लिए धारा–एक सौ सात और एक सौ सोलह के अंतर्गत ही कार्रवाई करेगी।

---

प्रदेश में यातायात का सुगम बनाने के लिए बावन सड़क परियोजनाओं की डीपीआर तैयार कर ली गयी है। पथ निर्माण मंत्री दिलीप जायसवाल ने बताया कि इनमें पटना के अनिसाबाद एम्स ऐलिवेटेड फोर लेन कॉरिडोर, अरवल फोर लेन

बाईपास, औरंगाबाद और दाउदनगर फोर लेन बाईपास समेत अन्य परियोजनाओं की डीपीआर तैयारी की गयी है। श्री जायसवाल ने बताया कि शेष सड़क परियोजनाओं के निर्माण में आने वाली परेशानियों के समाधान के लिए पीएमओ और केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के मंत्री को भी सूचना भेजी गयी है।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कई स्थानों पर तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि पांच फरवरी के बाद कैमूर, औरंगाबाद और रोहतास समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भाग के जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। विभाग के अनुसार अगले दो दिनों के दौरान उत्तर बिहार के कुछ स्थानों पर सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाये रहने के आसार हैं। इधर, विभाग ने मासिक पूर्वानुमान में कहा है कि फरवरी माह में राज्य के अधिकांश भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा।

---

पटना जंक्शन रेल पुलिस ने सीमांचल एक्सप्रेस के कोच अटेंडेंट निखिल कुमार समेत तेरह शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पंचानवें लीटर शराब बरामद की गयी है। वहीं, पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक करोड़ अस्सी लाख रूपये मूल्य की शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने केन्द्रीय बजट से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने बजट पर लिखा है – कर्तव्य की नई शपथ, आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य पाने के लिए सरकार ने सुधार एक्सप्रेस को रफ्तार दी।

**दैनिक जागरण** की बड़ी खबर है – समृद्ध भारत के लिए सधे कदम। आम आदमी के लिए टैक्स में राहत नहीं, एमएसएमई, टेक्सटाईल और मैन्यूफैक्चरिंग के लिए की गयी है नई घोषणाएं।

दैनिक भास्कर लिखता है – बजट से विदेश में यात्रा, पढ़ाई और पैसे भेजने में राहत। पटना, भोपाल जैसे शहरों को पांच हजार करोड़ रुपये मिलेंगे।

**राष्ट्रीय सागर** की बड़ी खबर है – बजट को सत्तापक्ष ने सराहा, विपक्ष ने कहा कि आम आदमी गायब।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – टी–ट्वेंटी विश्वकप में पाकिस्तान भारत के खिलाफ नहीं उतरेगा।

**आज** अखबार लिखता है – माघी पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार विधानमंडल का बजट सत्र आज से हो रहा है शुरू। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां संयुक्त सत्र को करेंगे संबोधित।

02. संसद के दोनों सदनों में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

03. किसानों की डिजिटल पहचान के लिए प्रदेश में पांच दिवसीय फॉर्मर रजिस्ट्री महाअभियान का तीसरा चरण आज से।

04. और, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा आज से प्रारंभ हुई। तेरह लाख सत्रह हजार से अधिक परीक्षार्थी हो रहे हैं शामिल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।